amarujala.com
नई दिल्ली ■ मंगलवार, 25 फरवरी 2020
2
अमर उजाला

सर्वे

इंजीनियरों ने रूट पर आ रही अड़चनों को देखा, दूर करने के विकल्प भी तलाशे

सेंट्रल वर्ज से गुजरेगी ग्रेनो वेस्ट मेट्रो

माई सिटी रिपोर्टर

15 | किमी लंबा बनना है ट्रैक

2682 | करोड़ रुपये है लागत



नोएडा-ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो रूट पर निरीक्षण करते अधिकारीगण।

ग्रेटर नोएडा। नोएडा के सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित मेट्रो का अलाइनमेंट तय हो गया है। ये सेंट्रल वर्ज से गुजरेगी। सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनएमआरसी की टीम ने इसका सर्वे कर सेंट्रल वर्ज पर रूट बनाने में आने वाली बाधाओं को भी देखा। साथ ही इनको समयबद्ध तरीके से हल करने पर चर्चा हुई। रूट का काम मौके पर शुरू होने में करीब 6 माह लग जाएंगे। दोनों प्राधिकरणों की कोशिश मेट्रो को 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले शुरू करने की है।

दरअसल, नोएडा के सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 तक करीब 15 किमी लंबा ट्रैक बनना है। इसको बनाने में करीब 2682 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसे दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो प्रस्तावित है। यह 9.155 किमी लंबा ट्रैक होगा और इसे बनाने में करीब 1521 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें ग्रेटर नोएडा को 235 करोड़ रुपये देने होंगे। बाकी करीब 1286 करोड़ रुपये नोएडा और भारत सरकार से मिलने हैं। पहले फेज में नोएडा के सेक्टर-71 के बाद पहला स्टेशन सेक्टर-120 में बनेगा। इसके बाद सेक्टर-123, ग्रेनो वेस्ट का सेक्टर-4, सेक्टर-16 बी के बाद सेक्टर-2 अंतिम स्टेशन होगा। यह भी एलिवेटेड मेट्रो होगी और सेंट्रल वर्ज से गुजरेगी। सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर, उद्यान, सिविल व इलेक्ट्रिक सेल के इंजीनियर और आईजीएल व एनएमआरसी के अधिकारियों ने करीब 6 किमी लंबे रोड पर पैदल चलकर अड़चनों को देखा। साथ ही उनको नोट किया और मौके पर काम शुरू होने से पहले इन्हें दूर करने का विकल्प भी तलाशा।